रविवासरीय
हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
रविवार, 28 अक्तूबर 2018, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण
www.livehindustan.com

PAGE NO. 09 : TOP

65वीं यूपी स्टेट और इंटर जोनल टीटी प्रतियोगिता में अच्छी शुरुआत के बाद पिछड़ा बरेली

टेबिल-टेनिस चैंपियनशिप शुरू

बरेली | **वरिष्ठ संवाददाता**

स्व. राममूर्ति मेमोरियल 65वीं यूपी स्टेट और इंटर जोनल टेबल-टेनिस चैंपियनशिप का शनिवार को एसआरएमएस में शुभारंभ हो गया। प्रतियोगिता 30 अक्टूबर तक चलेगी।

पहले दिन पुरुष टीम चैंपियनशिप में मुरादाबाद-बरेली जोन ने शानदार शुरुआत कर गोरखपुर-वाराणसी जोन को 3-0 से हराया। संतम गुप्ता ने वीरेंद्र वर्मा को, अंकुश गुप्ता ने वरुण को और वैभव कुमार ने सौरव को हराकर सफलता प्राप्त की लेकिन लखनऊ-फैजाबाद जोन के खिलाफ मुरादाबाद-बरेली जोन को 3-1 से हार का सामना करना पड़ा। कानपुर-इलाहाबाद जोन ने लखनऊ-फैजाबाद को 3-1 से पराजित किया। मेरठ-आगरा जोन ने गोरखपुर-वाराणसी को 3-0 से हराया।

स्वर्गीय राममूर्ति मेमोरियल 65वीं यूपी स्टेट और इंटर जोनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप का शनिवार को एसआरएमएस में शुभारम्भ हो गया। • हिन्दुस्तान

230 खिलाड़ी ले रहे हैं प्रतियोगिता में भाग

प्रतियोगिता में मेरठ व आगरा, इलाहाबाद व कानपुर, वाराणसी व गोरखपुर, मुरादाबाद व बरेली और लखनऊ व फैजाबाद जोन के 230 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इससे पहले एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रशासक प्रो. सुभाष मेहरा, यूपी टेबल टेनिस एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार बनर्जी, जिला टीटी एसोसिएशन के सचिव डॉ दीपेंद्र कमथान मौजूद रहे।

महिला वर्ग में मिली हार

महिला टीम चैंपियनशिप में मुरादाबाद-बरेली जोन का प्रदर्शन खराब रहा। लखनऊ-फैजाबाद जोन ने टीम को 3-2 से पराजित किया। मुरादाबाद-बरेली को मेरठ-आगरा जोन से भी 3-2 से हार का सामना करना पड़ा। कानपुर-इलाहाबाद जोन ने गोरखपुर-वाराणसी को 3-0 से हराया। कानपुर-इलाहाबाद जोन ने अगले मैच में लखनऊ-फैजाबाद को 3-0 से करारी मात दी।

बरेली की ब्वॉयज टीम भी हारी

गर्ल्स टीम चैंपियनशिप में मेरठ-आगरा जोन ने लखनऊ-फैजाबाद को 3-0 से और कानपुर-इलाहाबाद ने गोरखपुर-वाराणसी जोन को 3-0 से हराया। बॉयज टीम चैंपियनशिप में मुरादाबाद-बरेली जोन को कानपुर-इलाहाबाद जोन के खिलाफ 3-2 से हार का सामना करना पड़ा।